**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 03-10-2025**

- **डीआईजी बस्ती द्वारा एसपी बस्ती के साथ पुलिस लाइन बस्ती में मिशन शक्ति-5 के अंतर्गत निर्मित व्यायामशाला का किया गया उद्घाटन।**
- **पुलिस विभाग में व्यायाम की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर दिया प्रेरणादायी संदेश।**

आज दिनांक 03.10.2025 को पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक बस्ती, श्री अभिनंदन के साथ पुलिस लाइन, जनपद बस्ती में मिशन शक्ति-5 के तहत निर्मित व्यायामशाला का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर डीआईजी बस्ती ने कहा कि व्यायामशाला की स्थापना से पुलिस कर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने में मदद मिलेगी, जिससे वे अपनी ड्यूटी को और अधिक ऊर्जा, एकाग्रता एवं प्रभावशीलता के साथ निभा सकेंगे। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को नियमित व्यायाम कर स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर श्री श्यामकान्त, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद बस्ती, क्षेत्राधिकारी सदर श्री सत्येन्द्र भूषण तिवारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन सुश्री स्वर्णिमा सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री व्रजेश कुमार पटेल सहित अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**